भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1155
13 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

एनसीसी कैडेटों को तकनीकी प्रशिक्षण

1155. श्री वि. विजयसाई रेड्डी :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का इरादा रक्षा गलियारों में सेवा करने के लिए एनसीसी कैडेटों को उपयुक्त तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने का है ;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;
(ग) क्या सरकार रक्षा गलियारों में नियुक्ति करने हेतु आवश्यक कौशल समूह विकसित करने के लिए विशिष्ट कार्यक्रमों को शामिल करने का इरादा रखती है ;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;
(ङ.) क्या सरकार का इरादा आंध्र प्रदेश राज्य में एक रक्षा औद्योगिक गलियारा स्थापित करने का है ; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) और (ख): ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है । एनसीसी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का उद्देश्य देश के युवाओं में चरित्र निर्माण, मैत्रीभाव, अनुशासन, नेतृत्व, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की भावना और निःस्वार्थ सेवा प्रदान करने का आदर्श स्थापित करना और युवाओं को सशस्त्र सेनाओं में कॅरियर शुरू करने के लिए प्रेरित करना है ।

(ग) से (च): ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

***